12.03.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में जैसलमेर के पोकरण में आज देश की तीनों सेनाओं का संयुक्त अभ्यास भारत शक्ति शुरू हुआ – प्रधानममंत्री ने कहा – सरकार ने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई बडे कदम उठाये।

- प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद से 85 हजार करोड रुपये से अधिक की रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और आधारशिला रखी –प्रदेश को भी रेलवे के आधुनिकीकरण और विकास की कई सौगातें मिली।

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित किया– चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रमों को निरंतर अपडेट करने का आह्वान किया।

- प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी – गर्मी का असर बढ़ा।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत की कल्पना आत्मनिर्भर भारत के बिना संभवन नहीं है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित होना है तो हमें दूसरों पर अपनी निर्भरता को कम करना होगा। श्री मोदी आज दोपहर राजस्थान के पोकरण फिल्ड फायरिंग रेंज में तीनों सेनाओं के संयुक्त युद्धाभ्यास 'भारत शक्ति' को देखने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश खाने के तेल से लेकर आधुनिक लड़ाकू विमान तक हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दे रहा है। उन्होंने कहा कि 'मैक इन इंडिया' की सफलता हमारे सामने है और तीनों सेनाओं के यौद्धा भारत में बने आधुनिक उपकरण और हथियार का उपयोग कर रहे हैं, यही भारत की शक्ति है।

........................

श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले दस साल में देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई बड़े कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि पॉलिसी स्तर पर कई तरह के सुधार किये गये और प्राइवेट सैक्टर को भी इससे जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस कॉरिडोर बन रहे हैं। इनमें अब तक सात हजार करोड़ रूपये का निवेश हुआ है। हेलीकॉप्टर बनाने वाली एशिया की सबसे बड़ी कंपनी ने भारत में काम करना शुरू कर दिया है। पिछले दस साल में करीब 6 लाख करोड़ रूपये के रक्षा उपकरण स्वेदशी कंपनियों से खरीदे गये। रक्षा उत्पादन दो गुना से ज्यादा करीब एक लाख करोड़ हो गया है। इस अवधि में 150 से ज्यादा नये स्टार्ट अप शुरू हुए हैं, जिन्हें सेनाओं से ऑर्डर भी मिलना शुरू हो गया है।
रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनता भारत सैनाओं में भी आत्मविश्वास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बीते दस साल में भारत ने कई नये उपकरण बनाये हैं। कैबिनेट ने हाल ही में फैसला किया कि पांचवी पीढी का लडाकू विमान भी देश में ही निर्मित किया जायेगा।

..........................

कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, तीनों सैनाओं के प्रमुख सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने छोटे उद्यमियों के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों–पीएमबीजेएके को स्थापित करने के लिए ऋण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक–सिडबी बिना किसी गारंटी के उद्यमियों को कम ब्याज पर ऋण प्रदान करेगा। आज नई दिल्ली में जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम छोटे उद्यमियों को अपने जन औषधि केंद्रों का विस्तार करने और उन्हें उन्नत बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत चार लाख रुपये का ऋण प्रदान किया जाएगा।
श्री मांडविया ने कहा कि 25 हजार जन औषधि केंद्रों को संचालित करने संबंधी सरकार के लक्ष्य प्राप्त करने और रोजगार को बढावा देने में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अधिक से अधिक लोगों को सस्ती औषधि प्रदान करने के लिए इस प्रकार के केंद्रों को बढावा देने के लिए और योजनाएं लेकर आएगी।

000

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के अहमदाबाद से रेलवे की 85 हजार करोड रुपये से अधिक की परियोजनाएं वर्चुअल माध्यम से राष्ट्र को समर्पित कीं और आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने वंदे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का भी हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार रेल नेटवर्क बढ़ाने, बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने, यात्रियों के लिए सुविधाएं बढाने और रेलवे प्लेटफॉर्म पर मेक इन इंडिया उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे आत्मनिर्भर भारत के लिए सबसे शक्तिशाली माध्यमों में से एक है।

..................

भारत को युवा राष्ट्र बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि, आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है वह भारतीय युवाओं के लिए उपहार है और जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है वे युवाओं के उज्जवल भविष्य की गारंटी है।
प्रधानमंत्री ने समर्पित माल गलियारे के दो खंडों का उद्घाटन किया। उन्होंने 51 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल और एक हजार पांच सौ से अधिक एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल राष्ट्र को समर्पित किए। आज प्रदेश को भी कई सौगाते मिली हैं। अजमेर से दिल्ली तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का चण्डीगढ तक विस्तार किया गया है। प्रधानमंत्री ने जयपुर मंडल के धानक्या और रेवाड़ी जंक्शन स्टेशन स्थित माल गोदाम और जयपुर सहित प्रदेश के चार स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल्स का भी वर्चुअल लोकार्पण किया।
राज्यपाल कलराज मिश्र इस कार्यक्रम से राजभवन से वर्चुअली जुड़े। राज्यपाल ने इन परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले समय में रेल परिवहन के जरिए देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर से इस कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुडे। प्रधानमंत्री ने जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर करीब 55 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों का भी आज लोकार्पण किया। भरतपुर रेलवे स्टेशन पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट और रेल कोच रेस्टोरेंट की आज शुरूआत हुई। यहां शहद की स्टॉल लगायी गयी है। बीकानेर मंडल पर 25 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल का आज लोकार्पण हुआ। इस मौके पर बीकानेर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मौजूद रहे।

अलवर और डूंगरपुर रेलवे स्टेशन पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर आज भारतीय जन औषधि केन्द्र की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री ने आज दस नई वंदे भारत रेलगाडियों को भी रवाना किया।

000

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए आज 43 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इसमें राजस्थान से 10 सीटों पर प्रत्याशियों का एलान किया है। कांग्रेस ने इस सूची में जालौर से वैभव गहलोत, बीकानेर से गोविंदराम मेघवाल, चूरू से राहुल कस्वा, झुंझुनू से बृजेंद्र ओला, अलवर से ललित यादव, उदयपुर से ताराचंद मीना, और चित्तौड़गढ़ से उदयलाल आंजना को उम्मीदवार बनाया है तथा जोधपुर से करण सिंह, टोंक–सवाईमाधौपुर से हरीश मीणा, भरतपुर से संजना जाटव को टिकट दिया गया है।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने भारत की प्राचीन समृद्ध भारतीय चिकित्सा परंपराओं से सीख लेकर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के प्रभावी विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने शारीरिक व्याधियों की पहचान और रोग निदान में कृत्रिम बुद्धिमता (एआइ) के उपयोग की संभावनाओं पर भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के संदर्भ में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रमों को निरंतर अपडेट किया जाए। श्री मिश्र आज राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नवें दीक्षान्त समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एआई साक्षरता बढ़ाने के साथ दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य, सेवाओं को किफायती और सुलभ बनाने में भी इसके उपयोग की संभावनाएं तलाशे जाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सक और विद्यार्थी चिकित्सा क्षेत्र में वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप शोध की मौलिक दृष्टि का विकास करे। कार्यकम को सम्बोधित करते हुए चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं को बधाई दी और कहा कि सभी चिकित्सक सेवा को मानव धर्म समझकर अपना कार्य करें।

000

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इससे गर्मी का असर बढ़ गया है। ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रहा। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा तापमान 35 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस डूंगरपुर में रिकॉर्ड किया गया।

वहीं सबसे कम 13 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सिरोही में दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल और परसों राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से जोधपुर और बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में बादल छाए रहने और छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

000